पत्रांक:–10 / न–44 / 2017..................

**शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।**

प्रेषक

**पी०एन० मिश्रा,**
विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में

**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली–110092

पटना, दिनांक..............................

विषयः– **एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रूपहारा, प0 चम्पारण को CBSE बोर्ड, नई दिल्ली से संबंद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि **एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रूपहारा, प0 चम्पारण** को अनापत्ति प्रमाण–पत्र देने के संबंध में उक्त विद्यालय के प्राचार्य / सचिव / विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यपालक दण्डाधिकारी के समक्ष लिये गये शपथ–पत्र के साथ संलग्न उक्त विद्यालय के अभिलेखों / कागजातों एवं जांच समिति के प्रतिवेदन की समीक्षा विभाग की सक्षम समिति द्वारा की गयी। तद्नुसार विद्यालय की स्थिति निम्न प्रकार पाई गई:–

1. यह विद्यालय **जय गुरूदेव एजुकेशनल ट्रस्ट** के अधीन संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति / परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।
2. विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी अन्य निबंधित सोसाइटी / न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।
3. विद्यालय को **01.51 एकड़** भूमि **30 वर्ष** के लीज पर उपलब्ध है। विद्यालय का भवन है तथा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला उपलब्ध हैं। **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचंना एवं अन्य सभी सुविधायें बोर्ड के मानक के अनुरूप है अथवा नहीं।**
4. विद्यालय में शिक्षक नियुक्त हैं। विद्यालय में **कुल 19** शिक्षक हैं। **सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की नियुक्ति उनकी योग्यता एवं प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप है अथवा नहीं।**
5. विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।
6. विद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करे। इसे सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।
7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या–238 दिनांक–04.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है।

**अपेक्षित शर्तों के अनुसारः–**

**(i)** विद्यालय में कुल क्षमता का 25 प्रतिशत निःशुल्क नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों को किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनु0 जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक,

विकलांग बालिकाएं तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय प्रतिवर्ष रूपया 2,00,000/–(दो लाख रूपये मात्र) से कम होगा, को रखा गया है।

**(ii)** विद्यालय में नर्सरी/के0जी0 अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नहीं लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा।

**(iii)** नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलामीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतुं अधिकतम दूरी तीन किलोमीटर तक रहेगी।

**(iv)** जिन बच्चों का नामांकन नहीं होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी।

8. यद्यपि कि विद्यालय का प्रबंधन द्वारा सभी अनिवार्य शर्त्तों को पूरा करने के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से दावा किया गया है, फिर भी **सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है।**

9. **साथ ही सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालय के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्त्तों का अनुपालन किया जा रहा है।** स्कूल को यह शर्त्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख प्रोस्पेक्टस एवं वेबसाईट में करना होगा। शर्त्तों के उल्लंघन की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण–पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बन्द्धन रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

10. विभागीय पत्रांक–46, दिनांक–18.01.2008 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबंधी आदेशों का विद्यालयों द्वारा पालन करना होगा।

11. **विद्यालय, बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षी पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।**

उपर्युक्त वर्णित शर्त्तों के आलोक में विभागीय समिति द्वारा लिय गये निर्णयानुसार सी०बी०एस०सी० ऐफिलियेशन बायलॉज के कंडिका 3 में वर्णित प्रावधानानुसार 3 सेक्शन हेतु **एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रूपहारा, प0 चम्पारण** को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/–

(पी०एन०मिश्रा)
विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक :–10/न–44/2017.......................... पटना, दिनांक...............................

**प्रतिलिपि** :– जिला शिक्षा पदाधिकारी, प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

ह0/–

**विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)**

ज्ञापांक :–10/न–44/2017 982 पटना, दिनांक 24/8/17

**प्रतिलिपि** :– प्राचार्य, एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रूपहारा, प0 चम्पारण को सूचनार्थ, एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**विशेष निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)**

बिहार सरकार

# शिक्षा विभाग, बिहार पटना।

## शुद्धि–पत्र

संचिका संख्या :– 10 / न–44 / 2017............ पटना, दिनांक..........................

विभागीय पत्रांक–982 दिनांक–22.09.2017 द्वारा एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रुपहारा, पूर्वी चम्पारण को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र में अंकित जिलों के सभी नाम त्रुटिवश प0 चम्पारण अंकित हो गया था।

अंकित सभी प0 चम्पारण को पूर्वी चम्पारण पढ़ा जाय।

**शेष सभी कंडिका यथावत रहेगा।**

**विश्वासभाजन**

ह०/–

**(रामेश्वर सिंह)**

उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 10 / न–44 / 2017........48 पटना, दिनांक 16/1/18

**प्रतिलिपि**:–अध्यक्ष, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर, नई दिल्ली–110092 / जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण / प्राचार्य, एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रुपहारा, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

ह० 13.1.18

**उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)**

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

बिहार सरकार

# शिक्षा विभाग, बिहार पटना।

## शुद्धि–पत्र

संचिका संख्या :– 10 / न–44 / 2017........... पटना, दिनांक..........................

विभागीय पत्रांक–982 दिनांक–22.09.2017 द्वारा एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रुपहारा, पूर्वी चम्पारण को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। अनापत्ति प्रमाण पत्र में अंकित जिलों के सभी नाम त्रुटिवश प0 चम्पारण अंकित हो गया था।

अंकित सभी प0 चम्पारण को पूर्वी चम्पारण पढ़ा जाय।

**शेष सभी कंडिका यथावत रहेगा।**

**विश्वासभाजन**

ह०/–

**(रामेश्वर सिंह)**

उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 10 / न–44 / 2017..........48 पटना, दिनांक 16/1/18

**प्रतिलिपिः**–अध्यक्ष, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर, नई दिल्ली–110092 / जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण / प्राचार्य, एस0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रुपहारा, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

13.1.18

**उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)**

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।